प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

25.03.2026/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की टैक्सियों व एल.एम.वी. पर कोई भी टोल टैक्स नहीं लगेगा। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक राकेश जम्वाल, सुखराम चौधरी और राकेश कालिया के संयुक्त सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्र के जिन लोगों का हर रोज आना जाना रहता है, उन लोगों को पास जारी करने को लेकर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिन बाहरी लोगों का नियमित रूप आना जाना रहता है वह अपनी गाड़ी यहां पंजीकृत करवाएं तो उन्हें इसमें राहत मिल सकती है। इससे पहले मूल सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रवेश शुल्क में बढोतरी से सरकार को अनुमानित 2 सौ 28 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा, जो वित वर्ष 2025–26 की तुलना में 54 करोड़ रुपए अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रवेश शुल्क बढ़ाने से प्रदेश में महंगाई व आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने की संभावना न के बराबर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा टोल नीति के तहत तय की गई तिमाही व सालाना दरें सिर्फ उन वाहनों पर लागू होगी, जिनके मालिक हिमाचल प्रदेश में रहते हैं और किसी भी बैरियर के 5 किलोमीटर के दायरे में आते है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जिसे लेकर उन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की और केंद्र से सहयोग का आग्रह भी किया। शिमला में आज उन्होंने मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। दिल्ली जाकर पैसा रुकवाने के सुक्खू सरकार के आरोपों पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य की बात है और अगर मुख्यमंत्री उनसे समय मांगेंगे तो उन्हें भी मिलने का मौका मिलेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि भाजपा व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हर चीज में राजनीति करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एंट्री टैक्स इतना ज्यादा नहीं बढ़ाया है और अभी इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल की केवल कमर्शियल गाड़ियों पर ही टैक्स लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में आने वाले अन्य राज्यों के वाहनों पर ही एंट्री टैक्स बढ़ाने का फैसला लिया है। नई दरें एक अप्रैल 2026 से लागू होंगी।

सुजाता शर्मा

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में 26 करोड़ टन कच्चे तेल के शोधन की क्षमता है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम को लेकर पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

सिकंदर

केन्द्रीय कौशल विकास व उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि मंत्रालय के अधीन महानिदेशालय द्वारा हिमाचल प्रदेश सहित पर्वतीय क्षेत्रों में आईटीआई की स्थापना के लिए सम्बद्धता मानकों में कुछ छूट प्रदान की गई है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में अल्पावधिक प्रशिक्षण घटक के तहत एक सौ 80 प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं। डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा प्रदेश में पारम्परिक हस्तशिल्प और वस्त्र कलस्टरों के लिए बाजार पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर पूछे गए सवाल पर केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि हिमाचल में 2 कारीगर कलस्टर कुल्लू हैंडलूम और सोलन पाईन निडल कलस्टर का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

———————————